Sr. No. 1

Date : 18.11.2024

Tender Heart High School, Sector - 33B Chandigarh

कक्षा- दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - 'बारह महीनों के नाम' टीचर - सुमन शर्मा

सुप्रभात बच्चो!

यह कार्य कक्षा - दूसरी, विषय - हिन्दी, उपविषय - 'महीनों के नाम' से लिया है। इस कार्य का लिखित सार आपको 18 नवंबर, 2024 को भेजा जाएगा।

बच्चो! आज हम बारह महीनों के नाम पढ़ना व लिखना सीखेंगे।

प्यारे बच्चो! अब आप सब अपनी - अपनी पुस्तक का पेज नं॰ 60 खोल लें। अगर आप तैयार हैं तो मैं पाठ पढ़ाना शुरू कर रही हूँ। आप सब ध्यानपूर्वक सुनें।

जनवरी - महीना जब आता,
साल नया है लाता,

फरवरी - मार्च - में उपवन महक जाता।

अप्रैल - में गरमी ने दस्तक दी भाई।

मई - जून - में गरमी की छुट्टियाँ मनाईं।

जुलाई - में फिर स्कूल जाएँ।

अगस्त - में स्वतंत्रता दिवस मनाएँ।

उपविषय - 'बारह महीनों के नाम'    टीचर - सुमन शर्मा

सितंबर - में खूब करते पढ़ाई।

अक्तूबर - में गाँधी जयंती आई।

नवंबर - में सरदी शुरू हो जाती,

दिसंबर - में धूप बहुत है भाती।

ऐसे बारह महीने होते खत्म,
हर साल बढ़ते रहें कदम।

बच्चों! अब आपने इस कविता के माध्यम से जान लिया है कि किस महीने में क्या होता है। बच्चों! अब आप पाँच मिनट की ब्रेक ले सकते हैं। ब्रेक में आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखोगे-

प्रश्न-1. फरवरी - मार्च में क्या महक जाता है?

प्रश्न-2. गाँधी जयंती किस महीने में आती है?

प्रश्न-3. किस महीने में धूप बहुत भाती है?

(ब्रेक का समय समाप्त)

उपविषय - 'महीनों के नाम' टीचर - सुमन शर्मा

आशा है कि बच्चो, आपने उत्तर ढूँढ लिए होंगे। चलिए, मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के बताने जा रही हूँ।

उत्तर 1 :- फरवरी - मार्च में उपवन महक जाता है।

उत्तर 2 :- गाँधी जयंती अक्तूबर महीने में आती है।

उत्तर 3 :- दिसंबर महीने में धूप बहुत भाती है।

## महीनों के नाम

1. जनवरी
2. फरवरी
3. मार्च
4. अप्रैल
5. मई
6. जून
7. जुलाई
8. अगस्त
9. सितंबर
10. अक्तूबर
11. नवंबर
12. दिसंबर

सभी बच्चे 'महीनों के नाम' अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखेंगे व याद करेंगे।

Page ____
Date ____

कक्षा - दूसरी विषय- हिन्दी

उपविषय - समान अर्थ वाले शब्द

1. हवा - पवन
2. बाग - उपवन
3. माँ - माता
4. चिट्ठी - पत्र
5. दोस्त - साथी, मित्र
6. संसार - जगत
7. दीपक - दीया
8. जंगल - वन
9. गृह - घर
10. सूर्य - सूरज
11. रात्रि - रात
12. बाण - तीर

(लिखो व याद करो)